Series E7DFG

Set – 1

प्रश्न-पत्र कोड **4/7/1**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)

HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ** ।*

(iii) ***खण्ड क** में अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

(iv) ***खण्ड ख** में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

(v) ***खण्ड ग** में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

(vi) ***खण्ड घ** में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

(vii) *यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए ।*

खण्ड क

(अपठित बोध)

14

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *7*

समस्त ग्रंथों एवं ज्ञानी, अनुभवी लोगों का कहना है कि जीवन एक कर्मक्षेत्र है। हमें कर्म करने के लिए जीवन मिला है। कठिनाइयाँ, दुख-कष्ट आदि हमारे शत्रु हैं जिनका हमें सामना करना है और उनके विरुद्ध संघर्ष करके हमें विजयी बनना है। अंग्रेज़ी के यशस्वी नाटककार शेक्सपीयर ने कहा है, "कायर मनुष्य अपनी मृत्यु से पूर्व अनेक बार मृत्यु का अनुभव कर चुके होते हैं किंतु वीर एक से अधिक बार कभी नहीं मरते हैं।" विश्व के प्राय: समस्त महापुरुषों के जीवन वृत्त हमें यह शिक्षा देते हैं कि महानता का रहस्य संघर्षशील, और अपराजेय व्यक्तित्व है। महापुरुषों को अपने जीवन में अनेक संकटों का सामना करना पड़ा परंतु वे घबराए नहीं संघर्ष करते रहे और अंत में सफल हुए। संघर्ष के मार्ग पर अकेला ही चलना पड़ता है, कोई बाहरी शक्ति आप की सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। समस्याएँ वस्तुत: जीवन का पर्याय हैं यदि समस्याएँ न हों, तो आदमी प्राय: अपने को निष्क्रिय समझने लगेगा। समस्या को सुलझाते समय, उसका समाधान करते समय व्यक्ति का श्रेष्ठतम तत्त्व उभरकर आता है। धर्म, दर्शन, ज्ञान, मनोविज्ञान इन्हीं प्रयत्नों की देन हैं। पुराणों में अनेक कथाएँ यह शिक्षा देती हैं कि मनुष्य, जीवन की हर स्थिति में जीना सीखें व समस्या उत्पन्न होने पर उसके समाधान के उपाय सोचें। जो व्यक्ति जितना उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करेगा उतनी ही उसके समक्ष समस्याएँ आएँगी और उनके परिप्रेक्ष्य में ही उसकी महानता का निर्धारण किया जाएगा।

(i) गद्यांश में वर्णित नाटककार शेक्सपीयर का कथन हमें _____ *1*

(A) कायर मनुष्य की विशेषता बता रहा है।
(B) मृत्यु का सामना करने की सीख दे रहा है।
(C) बहादुर बनने की प्रेरणा दे रहा है।
(D) जीवन के शाश्वत सत्य से परिचित करा रहा है।

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : कठिनाइयाँ, दुख और कष्ट आदि हमारे शत्रु हैं।

कारण : मानसिक और शारीरिक रूप से कमज़ोर बना कर हमें लक्ष्य से दूर करते हैं।

विकल्प :

(A) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।
(B) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।
(C) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।
(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iii) गद्यांश के अनुसार किस व्यक्ति के समक्ष समस्याएँ अधिक आती हैं ? जो _____ *1*

(A) अनियोजित ढंग से कार्य करते हैं।
(B) अनेक काम एक साथ शुरू करते हैं।
(C) उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से कार्य करते हैं।
(D) अविवेकपूर्ण ढंग से कार्य करते हैं।

(iv) 'जीवन को एक कर्मक्षेत्र' क्यों कहा गया है ? *2*

(v) समस्याओं का जीवन में क्या महत्त्व है ? *2*

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *7*

विकास और परिवर्तन के इस दौर में नई तकनीक, आधुनिक जीवनशैली और बदलते मूल्यों के बीच सबसे अधिक जो चीज छूट रही है, वह है पीढ़ियों के बीच का संवाद। अकसर यह देखा जाता है कि बुज़ुर्ग और युवा एक ही घर में रहते हुए भी दो अलग-अलग दुनिया में जी रहे हैं। कार्यस्थल पर, समाज में और यहाँ तक कि मित्रों के बीच भी एक अदृश्य खाई बनती जा रही है। लेकिन क्या हो अगर हम इस खाई को एक अवसर के रूप में देखें ? एक ऐसा अवसर, जहाँ अनुभव की गहराई और नवीनता की ऊँचाई मिलकर प्रेरणा की एक नई दिशा बनाएँ। यह स्थिति प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। हर व्यक्ति अपने समय, परिवेश और संघर्षों से सीखता है। हर पीढ़ी का अपना एक खास अनुभव होता है। बुजुर्गों ने जीवन की कठिनाइयों से जूझते हुए जो मूल्य सीखे और अर्जित किए हैं, वे अनमोल हैं। वहीं, आज की पीढ़ी ने तकनीक व नवाचार के बल पर एक नई दुनिया रची है। दोनों के दृष्टिकोण में सामर्थ्य और ऊर्जा है, पर जब हम केवल अपने नजरिए को सही मानकर दूसरे को नकारते हैं तो वहीं से मतभेद जन्म लेते हैं।

जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है, यह एक साझी यात्रा है। इसमें सभी की भूमिका है, सभी की गति है और सभी की दिशा मायने रखती है। अगर यह समझ पाएँ कि हम एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी हैं तो न केवल हमारे व्यक्तिगत रिश्ते मज़बूत होंगे, बल्कि समाज में भी शांति, सद्भाव और सामूहिक विकास की एक नई लहर उठेगी। पीढ़ियों के बीच का यह अंतर कोई दीवार नहीं, बल्कि एक पुल बन सकता है, जिस पर चलकर हम एक बेहतर कल की ओर बढ़ सकते हैं। यह पुल बनता है खुले मन, नम्र दृष्टिकोण और आपसी समन्वय व सम्मान से।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : बुज़ुर्ग और युवा एक ही घर में रहते हुए भी अकेले हैं।

कारण : पारस्परिक संवाद की कमी से दोनों पीढ़ियों के बीच अंतर पैदा हो गया है।

विकल्प :

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।
(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।
(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(D) कथन सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(ii) गद्यांश के मूल भाव के संदर्भ में कौन-सा तथ्य ***असंगत*** है ? *1*

(A) खाई को अवसर बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

(B) बुज़ुर्गों के अनुभव और मूल्य अनमोल हैं।

(C) वर्तमान पीढ़ी के पास तकनीक और नवाचार का बल है।

(D) दोनों पीढ़ियों की समझ में सामंजस्य बिठाना कठिन है।

(iii) कॉलम-I और कॉलम-II को सुमेलित कर सही विकल्प चुनकर लिखिए : *1*

कॉलम-I		*कॉलम-II*	
1.	दोनों पीढ़ियाँ एक-दूसरे की विरोधी नहीं हैं	(i)	विनम्रता, उदारता, सामंजस्य और आदर से
2.	पीढ़ियाँ आपसी अंतर को सेतु बना सकती हैं	(ii)	शांति, सद्भाव और सामूहिक विकास संभव है
3.	रिश्ते मज़बूत होंगे तो	(iii)	परस्पर सहायक हैं

विकल्प :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii) (B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(C) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii) (D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

(iv) कार्यस्थल, समाज व मित्रों के बीच बनती अनुभव की अदृश्य खाई को कैसे पाटा जा सकता है ? *2*

(v) 'जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है, यह एक साझी यात्रा है' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। *2*

खण्ड ख

(व्यावहारिक व्याकरण) ***16***

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) दोनों ही व्यक्ति दूध देने वाले जानवर चराया करते थे। (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

(ii) इफ़्फ़न की कहानी भी बहुत ही लंबी है। (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

(iii) इफ़्फ़न आपको इस कहानी में जगह-जगह दिखाई देगा। (क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए)

(iv) ऐसी छोटी-छोटी बातें किसे याद रहती हैं। (विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए)

(v) वह हाँफते हुए धीरे-धीरे दौड़ रहा था। (क्रिया-विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) हमारे देश की संस्कृति अक्षुण्ण है। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

(ii) कहानी बहुत मनोरंजक है इसलिए हम लोग कह-सुन रहे हैं। (सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

(iii) जब दो पहलवान कुश्ती लड़ते हैं तब उनका उत्साह सभी दर्शक बढ़ाते हैं। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

(iv) उसने आने पर भी कुछ नहीं कहा था। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए)

(v) इफ़्फ़न टोपी की कहानी का अटूट हिस्सा है। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) युधिष्ठिर (समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए)

(ii) 'आटा-दाल' किस समास का उदाहरण है, कारण भी लिखिए।

(iii) यथानियम (समास का नाम लिखिए)

(iv) द्विगु समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य प्रयोग कीजिए।

(v) दस हैं आनन जिसके (रावण) (समस्त पद बनाकर समास का भेद भी लिखिए)

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'आपा खोना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ii) अपराधी पुलिस वालों की आँखों _____ भाग गया। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए)

(iii) 'आसमान से बातें करना' और 'आकाश-पाताल एक करना' मुहावरे में अर्थ की दृष्टि से अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'एक बात गाँठ बाँध लो कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती।' – इस पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(v) 'कुछ हानि न होना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए।

खण्ड ग

(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) *28*

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बड़े बाज़ार के प्राय: मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो। कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई। पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी। मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे। कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं। घुड़सवारों का प्रबंध था। कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था। बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था।

मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

कथन : बड़े बाज़ार के प्राय: सभी मकानों में राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था।

कारण : 26 जनवरी 1931 को प्रथम स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा था।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन ग़लत और कारण सही है।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(ii) कौन-सा कथन गद्यांश के भाव को व्यक्त ***नहीं*** कर रहा है ? *1*

(A) जगह-जगह राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था।

(B) सारा हिंदुस्तान स्वतंत्रता मिलने के बाद पहली वर्षगाँठ मना रहा था।

(C) सभी उत्साहित और पूर्ण जोश में थे।

(D) हर रास्ते पर सजावट की गई थी।

(iii) सभा के आयोजन को रोकने के लिए पुलिस क्या कर रही थी ? *1*

(A) खुले स्थानों पर घेराबंदी कर रही थी।

(B) बड़े-बड़े नेताओं को पकड़कर ले गई थी।

(C) लोगों द्वारा लगाए झंडे उतरवा रही थी।

(D) लाउडस्पीकर पर घर जाने की सलाह दे रही थी।

(iv) 'पुलिस पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी।' कथन के पक्ष में उचित कथन है/हैं : *1*

I. अंग्रेज़ सरकार के प्रति अपना विरोध प्रदर्शन करने के लिए

II. मोनुमेंट पर होने वाली सभा पर रोक लगाने के लिए

III. स्वतंत्रता की पुनर्गाठ संबंधी आयोजनों को रोकने के लिए

विकल्प :

(A) केवल II (B) केवल III

(C) II और III दोनों (D) I, II और III

(v) कई जगह भोर में ही झंडा क्यों फहरा दिया गया ? *1*

(A) मोनुमेंट की सभा तो शाम को होनी थी।

(B) भोर में कई स्थानों पर निगरानी नहीं थी।

(C) सुबह ही झंडा फहराया जाना पूर्व निर्धारित था।

(D) शाम को मोनुमेंट पर होने वाली सभा में जाना था।

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) 'मुझे दुनिया का और ज़िंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते।' बड़े भाई-साहब के इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

(ii) रूढ़ियों से क्या अभिप्राय है और उनका टूटना ही बेहतर है, क्यों ? 'तताँरा-वामीरो' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'गिन्नी का सोना' प्रसंग, जीवन का मार्गदर्शक है, कैसे ?

(iv) प्रकृति में आए असंतुलन के लिए हम कहाँ तक जिम्मेदार हैं ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥

(i) मनुष्य को मृत्यु से न डरने के लिए क्यों कहा गया है ? *1*

(A) मानव बलवान है

(B) मानव परोपकारी है

(C) मानव मरणशील है

(D) मानव निडर है

(ii) पशु स्वभाव किसे कहा गया है ? *1*

(A) निजी सुख-दुख की परवाह करना

(B) दूसरों के सुख-दुख की परवाह करना

(C) हर समय खान-पान में व्यस्त रहना

(D) पशुओं की तरह इधर-उधर घूमना

(iii) 'मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।' – इस पंक्ति में निहित भाव क्या है ? *1*

(A) साधारण मृत्यु को स्वीकार करना

(B) मृत्यु से बचने का प्रयास करना

(C) अपनों के हित कुछ करके मरना

(D) परोपकारी जीवन जी कर अमर होना

(iv) 'दूसरों का हित चिंतन करने वाला मरकर भी अमर हो जाता है।' – यह भाव किस पंक्ति में आया है ? *1*

(A) विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी

(B) मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी

(C) हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए

(D) मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए

(v) पद का मूल भाव क्या है ? *1*

(A) साहसी होना

(B) चमत्कारी होना

(C) परोपकारी होना

(D) पारिवारिक होना

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) पठित साखियों के आधार पर सिद्ध कीजिए कि कबीर समाज-सुधारक थे।

(ii) रवींद्रनाथ ठाकुर किस स्थिति में भी ईश्वर पर अपने विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं और उनसे क्या प्रार्थना करते हैं ?

(iii) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिक देश के प्रति अपनी भावनाएँ प्रकट करता है। आप अपने कौन-से कार्यों द्वारा देश-प्रेम प्रकट करेंगे ?

(iv) 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि तोप सैलानियों को क्या बताती है और अब वह किस काम आती है ?

(v) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर 'भू पर अंबर के टूट पड़ने' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'हरिहर काका' कहानी के बहाने हमारे सामाजिक जीवन में बढ़ती स्वार्थलोलुपता को उजागर किया गया है। सिद्ध कीजिए।

(ii) 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती ।' अपने आस-पास से कोई उदाहरण देकर 'सपनों के-से दिन' पाठ के संदर्भ में इस तथ्य की पुष्टि कीजिए।

(iii) 'मित्रता पर मज़हब का कोई असर नहीं होता ।' टोपी शुक्ला कहानी और अपने अनुभव से उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

खण्ड घ

(रचनात्मक लेखन) *22*

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(i) रोबोट के साथ एक दिन

- रोबोट से परिचय
- सहायक-सुविधा
- भावनात्मक जुड़ाव की कमी

(ii) जल संरक्षण में मेरी भूमिका

- जल संरक्षण कितना आवश्यक
- संरक्षण के तौर-तरीके
- उठाए गए कदम

(iii) जब मेरे मित्र ने मैच में छक्का लगाया .....

- राज्य स्तर पर खेला
- अच्छा प्रदर्शन
- खुशी की लहर

13. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(i) आप दिव्या/दिव्य हैं । आपने राज्य स्तर पर 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है । उसकी जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

अथवा

(ii) पक्षियों को पिंजरे में कैद रखना, एक प्रकार से अत्याचार है । इसके बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए : *4*

(i) आप अपने विद्यालय की विद्यार्थी परिषद के सांस्कृतिक सचिव मीता/मीत हैं । आपके विद्यालय में अंतरविद्यालयीय कार्यक्रम 'कहो कहानी' का आयोजन किया जा रहा है। उसकी जानकारी विद्यार्थियों को देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

(ii) पानी की पाइप लाइन की मरम्मत के कारण आगामी तीन दिनों तक पानी की आपूर्ति बाधित रहने की जानकारी क्षेत्रवासियों तक पहुँचाने हेतु नगर-निगम की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।

15. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(i) आपकी माताजी मधु (चीनी) रहित स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करके बेचती हैं। उनके कारोबार के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(ii) आपके पिताजी अपना दो कमरों वाला घर किराए पर देना चाहते हैं। घर की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. (i) वार्षिक परीक्षा में दो माह शेष थे। शालिनी अति उत्साही थी। अचानक एक दिन..... इस लघुकथा को लगभग 100 शब्दों में पूरा कीजिए। *5*

अथवा

(ii) रमा/रमेश ने जिला स्तरीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । विद्यालय के हिंदी अध्यापक की ओर से उसे बधाई देते हुए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। *5*

अत्यंत गोपनीय–केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

द्वितीय बोर्ड परीक्षा – 2026

अंक–योजना

हिंदी 'ब' विषय कोड – 085

प्रश्न–पत्र कोड–– 4/8/1, 4/8/2, 4/8/3

सामान्य निर्देश:–

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी–सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा– प्रणाली और अध्यापन–व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा–प्रणाली की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका, समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में प्रकाशित करना भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. अंक–योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक–योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। मूल्यांकन करते समय ज्ञान, नवीनतम सूचना और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर–पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन–योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को और उत्तर–पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. **यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर अंत में दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

7. **यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।**

8. **यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न / प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें / उन्हीं पर अंक दें।**

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि के लिए एक से अधिक बार अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0–80 अंक जैसा कि प्रश्न–पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर–बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य–अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)**

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं–

• उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।

• उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक या कम अंक देना।

• उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।

• उत्तर–पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का मुख पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।

• मुख पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।

• योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।

• उत्तर–पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंक–सूची में सही अंतरण न होना।

• कुल अंकों के योग में अशुद्धि।

• उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, मुख पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा प्राप्तांक को अंकों और शब्दों में लिखा जाए।

14. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर–पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य–बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।

Series: 8EFDG **प्रश्न–पत्र कोड 4/8/1, 4/8/2, 4/8/3**

अंक योजना

निर्धारित समय : 3 घंटे **हिंदी 'ब' (085)** **अधिकतम अंक : 80**

प्रश्न सं.	4/8/1	4/8/2	4/8/3	मूल्यांकन बिंदु	अंक
				खंड – क **(अपठित बोध)**	**(14)**
1	**1**	**2**	**1**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय –**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(A) I–II–III	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(D) कड़ी मेहनत और समर्पण से सपने सच करने का **वस्तुपरक–**	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• अपनी सफलताओं से दुनिया के समक्ष अपनी क्षमता का परिचय देकर • अंतरिक्ष अभियानों में बढ़ती वैश्विक भूमिका और सहभागिता द्वारा	2
	(v)	(v)	(v)	• अंतरिक्ष अभियानों के विभिन्न चरणों एवं जटिल प्रक्रियाओं के कारण सफलता सामूहिक प्रयासों से ही संभव • इंजीनियर, वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्रियों का परस्पर सहयोग और प्रतिबद्धता	2
2	**2**	**1**	**2**	**अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : **बहुविकल्पीय –**	**(7)**
	(i)	(i)	(i)	(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
	(ii)	(ii)	(ii)	(D) परस्पर दूरियाँ बढ़ती हैं।	1
	(iii)	(iii)	(iii)	(C) 1–iii, 2–i, 3–ii **वस्तुपरक–**	1
	(iv)	(iv)	(iv)	• आपसी संबंध बेहतर • परस्पर सीखने–सिखाने और विकसित होने का अवसर • समाज में शांति, सहयोग और सौहार्द की स्थापना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2

	(v)	(v)	(v)	• धैर्य और सहनशीलता से मतभेद सुलझाकर • दूसरों के दृष्टिकोण और परिस्थितियों को समझने का प्रयास कर	2
				खंड – ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	**(16)**
3	**3**	**3**	**3**	**'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4X1 =4)**
	(i)	–	–	इफ़्फ़न की परदादी	1
	(ii)	–	–	'जी भर के'	1
	(iii)	–	–	क्रिया पदबंध	1
	(iv)	–	–	विशेषण पदबंध	1
	(v)	–	–	कक्षा में प्रथम आनेवाला वह– सर्वनाम पदबंध / कक्षा में प्रथम आनेवाला – विशेषण पदबंध	1
	–	(i)	–	समझाना शुरू किया	1
	–	(ii)	–	आकाश में उड़ती पतंग	1
	–	(iii)	–	सबसे तेज़	1
	–	(iv)	–	सर्वनाम पदबंध	1
	–	(v)	–	क्रिया–विशेषण पदबंध	1
	–	–	(i)	समझ नहीं पा रहे थे	1
	–	–	(ii)	शहर के प्रसिद्ध	1
	–	–	(iii)	हिमालय पर चढ़ने वाले तेनजिंग	1
	–	–	(iv)	क्रिया–विशेषण पदबंध	1
	–	–	(v)	सर्वनाम पदबंध	1
4	**4**	**4**	**4**	**'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4X1 =4)**
	(i)	–	–	नौ या दस बरस की ब्याह कर लखनऊ आई थीं।	1
	(ii)	–	–	मिश्रवाक्य	1
	(iii)	–	–	मैं एक कथाकार हूँ और / इसलिए / अत: कहानी सुना रहा हूँ।	1
	(iv)	–	–	सरल वाक्य	1
	(v)	–	–	चूँकि वे बीमार थे इसलिए उन्हें कुछ याद नहीं रहा।	1

	–	(i)	–	पेट में सात सुइयाँ लगने पर टोपी के होश ठिकाने आए।	1
	–	(ii)	–	घर के जो छोटे–बड़े थे वे सभी सीता को डाँट लिया करते थे।	1
	–	(iii)	–	मिश्र वाक्य	1
	–	(iv)	–	सरल वाक्य	1
	–	(v)	–	वह पढ़ाई में काफी तेज था किंतु उसे कोई पढ़ने ही नहीं देता था।	1
	–	–	(i)	गाँव के बसने से पहले ही एक संत यहाँ झोंपड़ी बनाकर रहने लगे थे।	1
	–	–	(ii)	लोगों ने चंदा एकत्रित किया और यहाँ ठाकुरजी का एक छोटा–सा मंदिर बनवा दिया।	1
	–	–	(iii)	ठाकुरबारी की देख–रेख के लिए धार्मिक लोगों की जो समिति है वह एक पुजारी की नियुक्ति करती है।	1
	–	–	(iv)	सरल वाक्य	1
	–	–	(v)	मिश्र वाक्य	1
5	**5**	**5**	**5**	**'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4x1 =4)**
	(i)	–	–	समाचारों का पत्र – तत्पुरुष समास	½+½
	(ii)	–	–	पीला है अंबर जिसका अर्थात विष्णु	1
	(iii)	–	–	द्वंद्व समास, दोनों पद प्रधान	½+½
	(iv)	–	–	गौतम बुद्ध ज्ञान प्राप्त करते ही **महात्मा** हो गए। (अन्य उपयुक्त वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
	(v)	–	–	यथाविधि – अव्ययीभाव समास	½+½
	–	(i)	–	बहुव्रीहि समास का, क्योंकि समस्त पद गिरिधर अन्य पद श्रीकृष्ण की ओर संकेत कर रहा है।	½+½
	–	(ii)	–	महान है जो आत्मा	1
	–	(iii)	–	दो पहरों का समाहार – द्विगु समास	½+½
	–	(iv)	–	लोकप्रिय – तत्पुरुष समास	½+½
	–	(v)	–	सुख–दुख जीवन के अनिवार्य अंग हैं। (अन्य उपयुक्त वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
	–	–	(i)	ठाकुर के लिए बारी – तत्पुरुष समास	½+½
	–	–	(ii)	द्विगु समास –प्रथम पद संख्यावाची	½+½
	–	–	(iii)	प्रधान है जो अध्यापक	1
	–	–	(iv)	प्रत्येक, अव्ययीभाव समास	½+½

	–	–	(v)	**एकदंत** देवताओं में अग्रगण्य हैं। (अन्य उपयुक्त वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
6	**6**	**6**	**6**	**'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	**(4X1 =4)**
	(i)	–	–	फूँक–फूँक कर कदम रखना	1
	(ii)	–	–	कान पकना	1
	(iii)	–	–	मुँह की खाना – हार जाना मुँह तोड़ जवाब देना – उपयुक्त प्रतिक्रिया देना	½+½
	(iv)	–	–	पुलिस को देखते ही चोर के हाथ–पाँव फूल गए। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
	(v)	–	–	मुहावरा– लगती बातें कहना वाक्य–प्रयोग– लगती बातें कहने से संबंधों में दरार पड़ जाती है। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	½+½
	–	(i)	–	तिल का ताड़ बनाना / राई का पहाड़ बनाना	1
	–	(ii)	–	पापड़ बेलना	1
	–	(iii)	–	आँख का काँटा होना – बुरा लगना, खटकना, अप्रिय होना आँख का तारा होना – अति प्रिय लगना/होना	½+½
	–	(iv)	–	कुछ लोग ज़रूरत के समय टका–सा जवाब दे देते हैं। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
	–	(v)	–	मुहावरा–गिरह बाँधना वाक्य–प्रयोग– यह बात गिरह बाँध लो कि मैं तुम्हें बिगड़ने नहीं दूँगा। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	½+½
	–	–	(i)	घाट–घाट का पानी पीना	1
	–	–	(ii)	मिट्टी में मिलाना	1
	–	–	(iii)	जीवन की कठिनाई के लिए मैंने कमर कस ली है। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	1
	–	–	(iv)	अंगारे उगलना– क्रोध में कटु शब्द बोलना अंगारों पर लोटना – अत्यंत पीड़ा में होना	½+½
	–	–	(v)	मुहावरा– आसमान से बातें करना वाक्य–प्रयोग – मेरी पतंग हमेशा आसमान से बातें करती है। (अन्य उचित वाक्य प्रयोग भी स्वीकार्य)	½+½

				खंड – ग **(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**	**(28)**
7	**7** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**8** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**10** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (B) स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का (C) आंदोलन में पुरुष और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी थी। (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है। (A) पुलिस को (B) भारी भीड़ का जुट जाना	**5 X 1=5**
8	**8** (i) <

				• जीवन के यथार्थ को समझने वाला • आदर्शवादी आदि (किन्हीं दो विशेषताओं पर विद्यार्थियों की संक्षिप्त अभिव्यक्ति अपेक्षित)	
	(iv)	(iv)	(iv)	• प्राकृतिक असंतुलन • पेड़–पौधों की कमी, जंगलों का घटना • पशु–पक्षियों की जातियों का विलुप्त होना • समुद्र का सिकुड़ना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
9	**9** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**10** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**8** (i) (ii) (iii) (iv) (v)	**'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : (C) हाथ में आए भोजन के थाल का सम्मान न करना (C) (1–ii), (2–iv), (3–iii), (4–i) (B) उन्हीं की तरह परोपकारी बनने के लिए (D) क्षणभंगुर शरीर का मोह छोड़ परोपकारी बनने के लिए (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	**5 X 1 =5**
10	**10** (i)	**9** (i)	**7** (i)	**'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में अपेक्षित – • विनम्रता • निर्भीकता • अहं का त्याग • प्रेम • स्वार्थ का त्याग • सामाजिक जागरूकता (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**(3X2 =6)** 2
	(ii)	(ii)	(ii)	• आत्मबल पर विश्वास • साहसी और पुरुषार्थी • निर्भीक • ईश्वर की करुणा पर विश्वास (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	1+1

	(iii)	(iii)	(iii)	• जीवन में देश पर मर–मिटने के अवसर कम मिलना • देश के प्रति अपने कर्तव्य–पालन से ही जीवन सार्थक	2
	(iv)	(iv)	(iv)	• 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में दो दृश्यों का उल्लेख –वर्षा से पूर्व पर्वत का सौंदर्य स्पष्ट दिखाई देना और वर्षा के दौरान पर्वत का अदृश्य हो जाना	2
11	**11**	**11**	**11**	पूरक पाठ्य–पुस्तक 'संचयन' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित –	**(2X3 =6)**
	(i)	(iii)	(i)	• संक्षेप में कहानी का उल्लेख • अपने और परायों से सावधान रहने की सीख • आवश्यकता पड़ने पर बाहरी सहायता (कहानी के आलोक में परीक्षार्थियों के अन्य तर्कपूर्ण उत्तर भी स्वीकार्य)	3
	(ii)	(ii)	(ii)	• अच्छा लगना– जैसे–मित्रों के साथ मिलना, खेल का कालांश, पीटी–परेड करना, स्कूल की गतिविधियों में भाग लेना, किसी विशेष अध्यापक का व्यवहार आदि। • बुरा लगना– प्रात: जल्दी उठना, नियमों में बँधना, किसी अध्यापक विशेष का सख्त व्यवहार आदि। (रुचि और अरुचि के बारे में परीक्षार्थियों की अभिव्यक्ति स्वीकार्य)	3
	(iii)	(i)	(iii)	• प्रेम धर्म, जाति, लिंग, आयु आदि के बंधन से मुक्त उदाहरण– • टोपी और इफ़्फ़न का प्रेम • टोपी और इफ़्फ़न की दादी का प्रेम • टोपी और घरेलू सहायिका सीता का प्रेम	3
				खंड – घ **(रचनात्मक लेखन)**	**(22)**
12	**12**	**13**	**12**	किसी **एक** विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन : • विषय–वस्तु – 3 अंक • भाषा – 1 अंक • प्रस्तुति – 1 अंक	**1 X 5 = 5**

13	**13**	**12**	**13**	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन: ● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक ● विषय–वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 X 5 = 5**
14	**14**	**15**	**15**	किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन: ● विषय–वस्तु – 2 अंक ● प्रारूप – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक **नोट–** सेट संख्या **4–8–2** के प्रश्न संख्या **15** में मुद्रित '**विज्ञापन**' शब्द को '**सूचना**' पढ़ा जाए।	**1 X 4 = 4**
15	**15**	**14**	**14**	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन : ● विषय–वस्तु – 1 अंक ● प्रस्तुति – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 X 3 = 3**
16	**16**	**16**	**16**	लघुकथा लेखन **अथवा** ई-मेल लेखन : लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) – ● मौलिक विषय–वस्तु – 3 अंक ● भाषा – 1 अंक ● प्रभाव – 1 अंक **अथवा** ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में) – ● विषय–वस्तु – 3 अंक ● प्रारूप – 1 अंक ● भाषा – 1 अंक	**1 X 5 = 5**